केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय आयुध उपस्कर निर्माणी हजरतपुर

## प्रवेश सूचना 2025-26 (कक्षा 10 एवं 12 में प्रवेश हेतु)

सत्र 2025-26 में विद्यालय में कक्षा-10 एवं कक्षा-12 में प्रवेश हेतु कुछ स्थान रिक्त हैं। कक्षा-10 एवं कक्षा-12 में प्रवेश ऑफ़लाइन मोड के माध्यम से किए जाएंगे। प्रवेश संबंधित विवरण एवं पंजीकरण फॉर्म वैबसाइट https://oefhazaratpur.kvs.ac.in/ के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है । पंजीकरण 11.04.2025 से शुरू होगा। विधिवत भरे हुए फॉर्म को विद्यालय कार्यालय में दिनांक 21-04-2025 तक सुबह 11 बजे से 1 बजे के मध्य जमा करवाना होगा। कक्षा 10 में प्रवेश हेतु (31-03-2025 को) विद्यार्थी की न्यूनतम आयु 14 वर्ष एवं 16 वर्ष से कम होनी चाहिए। कक्षा 12 में प्रवेश हेतु कोई आयु सीमा नहीं है। यदि आवेदन पत्र में कोई गलत/ भ्रामक जानकारी दी गई तो केवि में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा। प्राचार्य /प्रवेश प्रभारी द्वारा विद्यालय में बुलाए जाने पर, निर्धारित समय अंतराल में ही सम्पर्क करें।

कक्षा-10 एवं कक्षा-12 में प्रवेश के लिए पात्रता की निम्न शर्तें भी लागू होंगी :-

(I) बच्चे ने सीबीएसई से सम्बद्ध विद्यालय से उसी पाठयक्रम का अध्ययन किया हो।

(II) कक्षा 10वीं में प्रवेश के लिए कक्षा 09वीं की परीक्षा में कम से कम 55 % अंक होने चाहिए ।

(III) कक्षा 12वीं में प्रवेश के लिए कक्षा 11वीं की परीक्षा में कम से कम 55 % अंक होने चाहिए ।

(IV) विद्यार्थी केन्द्रीय विद्यालय संगठन के प्रवेश दिशा निर्देशों 2025-26 के अनुसार हर प्रकार से पात्र होना चाहिए।

(V) विद्यालय में उपलब्ध विषय संयोजन के अनुसार ही प्रवेश दिया जाएगा ।

***(VI) यह नए प्रवेश केवल केन्द्रीय विद्यालय मे प्राथमिकता श्रेणी I एवं II (केन्द्र सरकार एवं केन्द्र सरकार के स्वायत्त निकायों के कर्मचारियो) के लिए ही होंगे।***

-संजय कुमार, प्राचार्य

प्राचार्य
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय
आयुध उपस्कर निर्माणी हज़रतपुर
फिरोजाबाद 283103